राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल ने ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजकर समयबद्ध समुचित कार्यवाही के दिए निर्देश

## *राज्यपाल श्री मिश्र को कस्बा मालपुरा से पलायन रोके जाने के संबंध में दिया ज्ञापन*

जयपुर, 18 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शनिवार को राजभवन में सीकर के सांसद सुमेधानंद सरस्वती, टोंक सवाई माधोपुर के सांसद सुखबीर सिंह जोनपुरिया, मालपुरा के विधायक कन्हैयालाल चौधरी, सोजत विधायक शोभा चौहान, अलवर शहर के पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल, टोंक जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिला महामंत्री विष्णुकुमार शर्मा तथा बूंदी के जिला प्रभारी नरेश बंसल ने मुलाकात की। इन सबने मालपुरा में जमीन जेहाद से भयभीत होकर हिन्दू व जैन समुदाय के परिवारों के पलायन को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाने के संबध में राज्यपाल को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में मालपुरा से 600 से 800 हिन्दू परिवारों के वहां से पलायन करने और लोगों को प्रशासन द्वारा डराने धमकाने और उनके विरुद्ध राष्ट्रदोह एवं सद्‌भावना बिगाड़ने वाले मुकदम दर्ज करने की धमकियों के चलते और पलायन होने की आंशका जताते हुए इस संबंध में प्रभावी कदम उठाए जाने की मांग की गयी है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने ज्ञापन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उसे मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत को भेजकर घटना के संबंध में समुचित समयबद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

——